प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए आज शाम समाप्त होगा चुनाव प्रचार, 20 नवंबर को 38 सीटों पर डाले जाएंगे वोट, चुनाव मैदान में कुल 528 उम्मीदवार।

2. प्रचार के आखिरी दिन आज एनडीए और इंडिया ब्लॉक के स्टार प्रचारकों की ताबड़तोड़ सभाएं और रोड शो, आरोप–प्रत्यारोप भी तेज ।

3. दूसरे चरण के चुनाव के लिए बुधवार को 14 हजार, दो सौ अठारह बूथों पर होगा मतदान, कल मतदान केन्द्रों पर जाएंगे मतदान कर्मी।

4. आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य में अबतक 1 अरब 96 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त।

********************

झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। इस चरण में 38 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि बुधवार को कुल 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14 हजार 218 बूथों पर मतदान होगा। इनमें से 31 बूथों पर सुबह सात से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। रांची में सवांददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां कल अपने–अपने मतदान केंद्रों पर जाएंगी। इस चरण के चुनाव में किसी भी बूथ पर हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में 48 बूथ को यूनिक बूथ के रूप में विकसित किया गया है। श्री कुमार ने कहा कि निजी वाहन पर किसी तरह का बोर्ड, बैनर लगा कर चलने पर कार्रवाई होगी।

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से लेकर अब तक 196 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है।

********************

झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए सभी प्रत्याशियों ने अपनी ताकत झोंक दी है। इस चरण में बरहेट, दुमका, शिकारी पाड़ा, देवघर, लिट्टीपाड़ा जैसी कई हाई–प्रोफाइल सीटों पर चुनाव होने हैं। अपने– अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों की धुआंधार चुनावी सभाएं जारी है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भाजपा के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजमहल में चुनावी सभा की और एनडीए की जीत का दावा किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान कई चुनावी रैलियां को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने आज महेशपुर में रोड शो किया और लोगों से एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट की अपील की। इसके बाद बरहेट और धनबाद में रैली करेंगे। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान कोयलांचल में रोड शो और रैली करेंगे। इधर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज झारखंड के दौरे पर आएंगे । रांची में संवाददाताओं से बातचीत में श्री गांधी कांग्रेस की बातों को रखेंगे।

********************

झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन गांडेय विधान सभा क्षेत्र में रोड शो करेंगी । इधर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने संथाल में चुनावी सभा को संबोधित किया । उन्होंने एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में वोट की अपील करते हुए घुसपैठ को लेकर हेमंत सरकार पर जोरदार हमला बोला।

********************

गिरिडीह जिले में 20 नवंबर को होनेवाले मतदान के लिए प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है।

********************

झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपनी– अपनी जीत का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि महागठबंधन की सरकार ने 5 साल काम किया है और लोगों ने इसका जवाब भी दिया है. उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड में पिछली बार से भी बड़ा जनादेश सामने आएगा।

इधर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाजपा को लेकर टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस पर धर्म और जाति की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि देश की जनता इसका जवाब देगी। श्री चौहान ने झारखं ड में दो तिहाई से अधिक सीटों से जीत का दावा किया

इधर कांग्रेस संसदीय दल के उपनेता और असम से सांसद गौरव गोगोई ने धनबाद में संवाददाताओं से बातचीत में इस चुनाव में भाजपा पर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश का आरोप लगाया।

********************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण में डिस्पैच के दिन मतदान कर्मियों की अनुपस्थिति को रांची ज़िला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। बिना पूर्व अनुमति डिस्पैच के दिन अनुपस्थित रहने वाले 6 मतदान कर्मियों के खिलाफ ज़िला प्रसाशन द्वारा प्राथमिकी दर्ज की जाएगी, जबकि 24 मतदानकर्मियों के संबंधित संस्थान को उन्हें निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के लिए आदेश जारी किया जाएगा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी उनमें बैंक कर्मी, शिक्षक और सार्वजनिक क्षेत्र इकाई  के कर्मी शामिल हैं।  दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रशिक्षण में बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले 97 मतदान कर्मियों को भी शो–कॉज किया गया है।

********************